## मास्क वितरण के साथ रोटरी गार्डन पर रोटरीस्थापना दिवस मनाया



रतलाम। रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल द्वारा आज रोटरी के 116 वा स्थापना दिवस पर रोटरी गार्डन पर स्वच्छता की शपथ दिलाकर व मास्क वितरण किया गया। हमारा भारत स्वच्छ हो हमारा शहर स्वच्छ हो व रतलाम नं. एक पर आए इस हेतु सामूहिक प्रयास हो इसकी शपथ रोटरी सदस्य व नागरिकों को दिलाई गई, शपथ पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गादिया ने दिलवाई। इस अवसर पर रोटरी सेंट्रल अध्यक्ष मनीष तलेराव सचिव रोहित रुनवाल ने आव्हान किया। पूर्व अध्यक्ष यशवंत पावेचा, राजेन्द्र गादिया, उपाध्यक्ष प्रदिप श्रीमाल, श्याम विन्चुलकर अश्विनी शर्मा, वीरेन्द्र जैन, अभय मेहता, वी एल मेहता उपस्थित थे, सुरेश यादव ने स्वच्छता पर रचना प्रस्तुत की।

## मास्क वितरण के साथ रोटरी गार्डन पर रोटरीस्थापना दिवस मनाया



रतलाम। रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल द्वारा रोटरी के 116 वा स्थापना दिवस पर रोटरी गार्डन पर स्वच्छता की शपथ दिलाकर व मास्क वितरण किया गया। हमारा भारत स्वच्छ हो हमारा शहर स्वच्छ हो व रतलाम नंबर एक पर आए इस हेतु सामूहिक प्रयास हो इसकी शपथ रोटरी सदस्य व नागरिकों को दिलाई गई, शपथ पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गादिया ने दिलवाई। इस अवसर पर रोटरी सेंट्रल अध्यक्ष मनीष तलेराव सचिव रोहित रुनवाल ने आव्हान किया। पूर्व अध्यक्ष यशवंत पावेचा, राजेन्द्र गादिया, उपाध्यक्ष प्रदिप श्रीमाल, श्याम विन्चुलकर अश्विनी शर्मा, वीरेन्द्र जैन, अभय मेहता, वी एल मेहता उपस्थित थे, सुरेश यादव ने स्वच्छता पर रचना प्रस्तुत की।

दैनिक भास्कर / 1-2 / 26/02/2021

**नई गाइडलाइन** • जिन कॉलोनियों में गाइडलाइन से दो-तीन गुना दामों में रजिस्ट्री हुई वहां जमीन होगी महंगी

# बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा, अब भोपाल से मुहर लगते ही महंगी होगी जमीन

## शहरी क्षेत्रों में 21.9 व ग्रामीण क्षेत्रों में 21.68 फीसदी की वृद्धि संभावित

### एक सप्ताह के लिए सुझाव मांगे हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की ऐसी कॉलोनियां जहां गाइडलाइन से दो से तीन गुना दामों में रजिस्ट्री हुई वहां की जमीन एक अप्रैल से महंगी हो जाएगी। नई गाइडलाइन को लेकर गुरुवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। इसमें जिला पंजीयक विभाग ने ऐसी कॉलोनियों में जमीन के रेट बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। शहर की 46 कॉलोनियों में जमीन के भाव 6 से 80 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसका आधार पिछले साल में हुई रजिस्ट्रियों को रखा गया है। पिछले साल इन कॉलोनियों में वर्तमान गाइडलाइन से दो से तीन गुना तक ज्यादा दाम में रजिस्ट्रियां हुई थीं। इससे इन कॉलोनियों में दाम बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में जमीन की कीमतें बढ़ाने का प्रस्ताव पास किया गया है। अब इस पर सुझाव मांगे हैं। इसके बाद इसे भोपाल स्थित महानिरीक्षक कार्यालय भेजा जाएगा वहां से मुहर लगते ही लागू करेंगे।




5 कॉलोनियों में 70 फीसदी की बढ़ोतरी। | 5 कॉलोनियों में 80 फीसदी की बढ़ोतरी।

### गाइडलाइन में ये भी

- रतलाम शहर, ताल, जावरा शहर की कुल 317 लोकेशन जो सघन आबादी वाले क्षेत्रों में कृषि भूमि नहीं होने से कृषि भूमि की दर हटा दी है।
- जिले के शहरी क्षेत्रों में 21.9 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 21.68 प्रतिशत भाव बढ़ेंगे।
- जिले की कुल 56 शहरी तथा 46 ग्रामीण क्षेत्र की नई लोकेशन जुड़ेंगी।
- धामनोद की 5 और नामली की 7 नई लोकेशन भी गाइडलाइन में जुड़ेंगी।

### 4 मार्च तक आप दे सकते हैं सुझाव

यदि गाइडलाइन को लेकर आपको कोई सुझाव देना है तो आप महलवाड़ा स्थित उपपंजीयक कार्यालय में सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए आखिरी तारीख 4 मार्च रखी गई है। आप कार्यालयीन समय में पहुंचकर लिखित में अपने सुझाव दे सकते हैं। यदि आपको लग रहा है कि कहीं गाइडलाइन कम है और बढ़ सकती है तो भी आप सुझाव दे सकते हैं। आपके सुझाव मिलने के बाद इस पर चर्चा की जाएगी और अमल किया जाएगा। बैठक में जिला पंजीयक प्रभात वाजपेयी, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी दीपेश गुप्ता, उप पंजीयक प्रसुन्न कुमार गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**इन लोकेशन को भी गाइडलाइन में जोड़ा** - ऋषभ रेसीडेंसी, सम्यक गोल्ड, नमो नमो कॉलोनी, रुद्राक्ष कॉलोनी, ओंकार रेसीडेंसी, रुद्राक्ष 2 कॉलोनी को भी नई गाइडलाइन में जोड़ा जाएगा ताकि एरिया वाइस इनकी रजिस्ट्री हो सके।

भास्कर

नवभारत / 19 / 26/02/2021

राजस्व अधिकारी वसूली में तेजी लाएं

# विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं, उत्तर गलत नहीं हो

रतलाम। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में पहुंचाएं, उत्तर झूठे नहीं हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, दंडित होंगे, विधानसभा में भी बुलवाएं जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने राजस्व

## ▸ बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भिजवाने से पूर्व उन्हें ठीक से पढ़ लिया जाए, अधीनस्थ के भरोसे नहीं रहे। आगामी 27 फरवरी तक अपर कलेक्टर को उत्तर भिजवा दिया जाए। वरिष्ठ कार्यालयों आयोगों के पत्रों के जवाब की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित उत्तर शीघ्र डिप्टी कलेक्टर सुश्री सिराली जैन को भिजवाए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में संतुष्टिदायक निराकरण के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निराकरण में संतुष्टि का स्तर ठीक नहीं रहता है, पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं जवाब पढ़ें और पोर्टल पर फीड करवाएं। बताया गया कि राजस्व विभाग की एल 1 पर 166 शिकायतें निराकरण से लंबित है। एल 3 एल 4 पर 127 शिकायतें निराकृत किए जाना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से मेहनत करवाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, आरबीसी 6-4, संबल जैसी जनहितैषी योजनाओं में पीड़ित परिवारों हितग्राहियों को समय सीमा में राहत एवं लाभ राशि वितरित की जाए, कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। दुर्घटनाओं में आवश्यक कार्रवाई तथा पंचनामा बनाने के संबंध में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया कि पंचनामा बिल्कुल स्पष्ट हो, मृतकों, घायलों की जानकारी स्पष्ट दी जाए तथा एफआईआर की कॉपी साथ लगाई जाए। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरण निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 15 दिन में दोबारा समीक्षा की जाएगी। राजस्व वसूली की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वसूली में तेजी लाई जाए। रतलाम शहर में 6 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 1 करोड़ 93 लाख वसूली की गई है। तहसीलदार ने बताया कि 8-10 बड़े खातेदार चिन्हित किए गए हैं जिनसे स्वयं बात की गई है उनसे अभी और 2-3 करोड़ रुपए वसूली की जा सकेगी। राजीव गांधी सिविक सेंटर के प्रकरण में 3 करोड़ 31 लाख रुपए की वसूली है। रतलाम विकास प्राधिकरण की कालोनियों से 1 करोड़ से ऊपर की वसूली होगी। रतलाम ग्रामीण में बताया गया कि 29 लाख रुपए वसूल किए गए हैं। नवभारत

प्रसारण/20/26/02/2021

## कलेक्टर श्री डाड ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं, उत्तर गलत नहीं हो

## राजस्व अधिकारी वसूली में तेजी लाएं



प्रसारण न्यूज • रतलाम

विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं, उत्तर झूठे नहीं हो, अन्यथा कार्यवाई की जाएगी, दंडित होंगे, विधानसभा में भी बुलवाए जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद डाड ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, जिले के सभी एस.डी.एम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भिजवाने से पूर्व उन्हें ठीक से पढ़ लिया जाए, अधीनस्थ के भरोसे नहीं रहें। आगामी 27 फरवरी तक अपर कलेक्टर को उत्तर भिजवा दिया जाए। वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों के जवाब की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित उत्तर शीघ्र डिप्टी कलेक्टर सुश्री सिराली जैन को भिजवाए जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में संतुष्टिदायक निराकरण के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निराकरण से संतुष्टि का स्तर ठीक नहीं रहता है, पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं जवाब पढ़ें और पोर्टल पर फीड करवाएं। बताया गया कि राजस्व विभाग की एल 1 पर 166 शिकायतें निराकरण से लंबित हैं। एल-4 पर 127 शिकायतें निराकृत किए जाना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से मेहनत करवाएं।

जनसुनवाई में निराकृत आवेदनों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 2018 से पूर्व के आवेदनों का निराकरण भी किया जाना है। तहसीलदार शहर श्रीमती अनीता चौकोटिया ने बताया कि उनके द्वारा विगत दिवस पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों की लंबी बैठक लेकर बड़ी संख्या में आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। साथ ही मंगलवार को समस्त पटवारी रतलाम शहर तहसील कार्यालय पर जनसुनवाई दिवस में उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, आरबीसी 6-4, संबल जैसी जनहितैषी योजनाओं में पीड़ित परिवारों हितग्राहियों को समय सीमा में राहत एवं लाभ राशि वितरित की जाए, कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। दुर्घटनाओं में आवश्यक कार्यवाई तथा पंचनामा बनाने के संबंध में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया कि पंचनामा बिलकुल स्पष्ट हो, मृतकों, घायलों की जानकारी स्पष्ट दी जाए तथा एफ आई आर की कॉपी साथ लगाई जाए।

नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरण निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 15 दिन में दोबारा समीक्षा की जाएगी। नायब तहसीलदार सुनिश्चित करें कि उनके यहां से शिकायत नहीं आए। प्रायः उनके बारे में आमजन से शिकायत आती है कि वह ठीक से काम नहीं करते हैं और सुनवाई नहीं करते हैं। बताया गया कि जावरा में नामांतरण के 324, सीमांकन के 70, पिपलोदा में नामांतरण के 393, सीमांकन के 160, सैलाना में नामांतरण के 396, सीमांकन के 57, बाजना में नामांतरण के 67, रतलाम शहर में नामांतरण के 309, सीमांकन के 415, रतलाम ग्रामीण में नामांतरण के 104, सीमांकन के 408, ताल में नामांतरण के 26 प्रकरण निपटान से लंबित हैं।

राजस्व वसूली की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वसूली में तेजी लाई जाए। रतलाम शहर में 6 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 1 करोड़ 93 लाख वसूली की गई है। तहसीलदार ने बताया कि 8-10 बड़े खातेदार चिन्हित किए गए हैं जिनसे स्वयं बात की गई है, उनसे अभी और 2-3 करोड़ रुपए वसूली की जा सकेगी। राजीव गांधी सिविक सेंटर के प्रकरण में 3 करोड़ 31 लाख रुपए की वसूली हो गई। रतलाम विकास प्राधिकरण की कॉलोनियों से 1 करोड़ से ऊपर की वसूली होगी। रतलाम ग्रामीण में बताया गया कि 29 लाख रुपए वसूल किए गए हैं। 11 लाख रुपए के चेक भी प्राप्त हुए हैं। जावरा तहसीलदार द्वारा बताए गए लक्ष्य एवं वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि तहसीलदार को नियोजित ढंग से वसूली के बारे में नियमों की जानकारी देवें। पिपलोदा में 50 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 11 लाख की वसूली की गई है।

प्रसारण

प्रसारण /06/26/02/2021.

# हरे भरे पेड़ों की हत्या, कांग्रेस ने की प्रकरण दर्ज करने की मांग

प्रसारण

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जहाँ एक ओर शासन और नागरिक पर्यावरण सुधारने के लिए वृक्षारोपण को प्राथमिकता दे रहे हैं, वहीं नगर निगम द्वारा नगर निगम उद्यान में विकास एवं सौंदर्यकरण के नाम पर कई हरे-भरे पेड़ों की बलि दे दी। इसकी सूचना शहर कांग्रेस आई टी सेल के अध्यक्ष हिम्मत जैसवार को लगी, तो वे नगर निगम पहुंचे और शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया को इसकी जानकारी दी।

सूचना पर महेंद्र कटारिया एवं कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम पहुंचे और इस संबंध में निगम आयुक्त और इंजीनियर से चर्चा कर पेड़ को ना काटने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि यह पेड़ बरसों पुराने हैं और गर्मी के दिनों में कई लोगों को छांव देते हैं और प्रवासी पक्षी भी यहां आकर रुकते हैं, लेकिन नगर निगम द्वारा विकास के नाम पर इन पेड़ों की बलि दे रही है। अगर किसी की हत्या कर शहर में विकास होता है, तो ऐसा विकास हमें नहीं चाहिए।



शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दो बत्ती थाने पहुंचे और आवेदन देकर हरे-भरे पेड़ों की हत्या करने वाले दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की।



इस मौके पर प्रदेश महिला कार्यवाहक अध्यक्ष यास्मीन शैरानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैय्यद वसुद जैदी, एन एस यू आई अध्यक्ष निलेश शर्मा, आयुष सिंह राठौड़, श्रीमती अदिति दवेसर, जोएब आरिफ, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशन सिंगाड़, अशरफ बेलिम, बबीता नागर उपस्थित थे।

पत्रिका / 16 / 26/02/2021

राजस्व की वसूली में लाएं तेजी, कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

# समय पर दें विधानसभा प्रश्नों के उत्तर, गलत नहीं हों

रतलाम. विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं, उत्तर झूठे नहीं हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी और सम्बंधित दंडित होंगे, विधानसभा में भी बुलवाया जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर ने वरिष्ठ कार्यालयों, आयोगों के पत्रों के जवाब की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित उत्तर शीघ्र डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को भिजवाए जाएं। यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं जवाब पढ़ें और पोर्टल पर फीड करवाएं। बताया गया कि राजस्व विभाग की एल 1 पर 166 शिकायतें निराकरण से लंबित हैं। एल 3 एल 4 पर 127 शिकायतें निराकृत किए जाना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से मेहनत करवाएं।



**वसूली के निर्देश-** राजस्व वसूली की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वसूली में तेजी लाई जाए। रतलाम शहर में 6 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 1 करोड़ 93 लाख वसूली की गई है। तहसीलदार ने बताया कि 8-10 बड़े खातेदार चिन्हित किए गए हैं जिनसे स्वयं बात की गई है, उनसे अभी और 2-3 करोड़ रुपए वसूली की जा सकेगी। राजीव गांधी सिविक सेंटर के प्रकरण में 3 करोड़ 31 लाख रुपए की वसूली है। रतलाम विकास प्राधिकरण की कालोनियों से 1 करोड़ से ऊपर की वसूली होगी।

पत्रिका

## 'विधानसभा के प्रश्नों के उत्तर पहले ठीक से पढ़ें'

रतलाम | कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भिजवाने से पूर्व उन्हें ठीक से पढ़ लें। अधीनस्थ के भरोसे नहीं रहे। 27 फरवरी तक अपर कलेक्टर को उत्तर भिजवा दिए जाए। वरिष्ठ कार्यालय व आयोगों के पत्रों के जवाब की समीक्षा में उन्होंने कहा कि लंबित उत्तर शीघ्र डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को भिजवाएं। यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं। सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में संतुष्टिदायक निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निराकरण में संतुष्टि का स्तर ठीक नहीं रहता है, पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहें।

अवन्तिका / पत्रिका / 02 / 26/02/2021

# आयुक्त ने अमृत मिशन के कार्यो की समीक्षा की

**दैनिक अवंतिका** ● रतलाम



नगर में अमृत मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना के वाप्कोस कम्पनी के मुख्य तकनीकी सलाहकार कृष्ण फड़के, रेसीडेन्ट इंजीनियर संदीप बाथम, फील्ड इंजीनियर वैभव शर्मा, जयवरूडी इन्फ्राकोन के प्रोजेक्ट इंजीनियर हरेश डामोर, स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज (नाला) के ठेकेदार नलीन पटेल, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी व उपयंत्रियों के साथ की।

स्टार्म वॉटर ड्रेनेज (नाला) प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति तथा अवरोधो के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्य 31 मार्च तक निश्चित रूप से पूर्ण करने के निर्देष दिये गये। स्टार्म वॉटर ड्रेनेज (नाला) प्रोजेक्ट का संषोधित डीओक्यू शीघ्र तैयार कर शासन को प्रेशित किये जाने के निर्देष निगम आयक्त झारिया ने समीक्षा बैठक में दिये।

निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि नालों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ऐसे स्थल जहां नाले की दीवार के बनने बाद अधिक स्थान उपलब्ध हो वहां पर हरियाली विकसित करने हेतु चिन्हित किया जाये क्योंकि सीवरेज प्रारंभ होने के बाद नालों में सिर्फ बरसाती पानी ही बहेगा घरो का नहीं।

सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देष दिये कि योजना कार्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाये। पीडीएमसी द्वारा बताया गया कि मात्र 13 किलोमीटर सीवर लाईन बिछाई जाना शेष है। सैलाना मुख्य मार्ग के सहारे सीवर लाईन बिछाने हेतु एमपीआरडीसी की स्वीकृति नहीं मिलने पर निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा पूर्व के पत्राचार संबंधी नस्ती उपलब्ध कराने के निर्देष दिये गये।

गुलमोहर कालोनी, राजस्व कालोनी सहित अन्य क्षेत्र जहां सीवरेज लाईन बिछाये जाने में अड़चने आने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने गुलमोहर कालोनी कल्याण समिति के अध्यक्ष बलवंत भाटी, राजस्व कालोनी के पत्रकार तुषार कोठारी सहित क्षेत्रों के नागरिकों को आमंत्रित किया व चर्चा कर समस्या का निराकरण किया।

आयोजित बैठक में सहायक यंत्री एम.के. जैन, निगम सचिव जसवंत जोशी, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उद्यान विभाग प्रभारी अरविन्द दशोत्तर, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक बी.एल. चावरे, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी आदि उपस्थित थे। अवन्तिका

---

**अमृत मिशन सहित अन्य कार्य की समीक्षा की**

# मैदान से लेकर बैठकों तक बगैर मास्क के अधिकारी

**लगातार**




**पत्रिका**

पत्रिका में प्रकाशित



बगैर मास्क के बैठक लेते निगम आयुक्त झारिया

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए सख्ती की शुरुआत हो गई है। इसके अंतर्गत बगैर मास्क के पाए जाने पर 100 रुपए के जुर्माना करने के आदेश जारी हो गए है। इन सब के बीच जिनकी जवाबदारी सार्वजनिक जीवन में कथनी व करनी को एक रखने की है, वे ही कायदों को तोड़ रहे है। अमृत मिशन योजना की समीक्षा बैठक में आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारी बगैर मास्क के नजर आए।

नगर में अमृत मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना के वाप्कोस कम्पनी के मुख्य तकनीकी सलाहकार कृष्ण फड़के, रेसीडेन्ट इंजीनियर संदीप बाथम, फील्ड इंजीनियर वैभव शर्मा, जयवरूडी इन्फ्राकोन के प्रोजेक्ट इंजीनियर हरेष डामोर, स्ट्रॉम वॉटर ड्रैनेज के ठेकेदार नलीन पटेल आदि के साथ की। स्टार्म वॉटर ड्रैनेज (नाला) प्रोजेक्ट का संशोधित डीओक्यू तैयार कर राज्य सरकार को भेजने के निर्देश इस दौरान निगम आयक्त झारिया ने दिये। पत्रिका

## नालों के करीब हरियाली

बगैर मास्क के बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने कहा कि नालों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ऐसे स्थल जहां नाले की दीवार के बनने बाद अधिक स्थान उपलब्ध हो वहां पर हरियाली विकसित करने हेतु चिन्हीत किया जाये क्योंकी सीवरेज प्रारंभ होने के बाद नालों में सिर्फ बरसाती पानी ही बहेगा घरो का नहीं। सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा में योजना कार्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने को कहा। पीडीएमसी द्वारा बताया गया कि मात्र 13 किलोमीटर सीवर लाईन बिछाई जाना शेष है। सैलाना मुख्य मार्ग के सहारे सीवर लाईन बिछाने हेतु एमपीआरडीसी की स्वीकृति नहीं मिली है। गुलमोहर कालोनी, राजस्व कालोनी सहित अन्य क्षेत्र जहां सीवरेज लाईन बिछाये जाने में अड़चने आने पर निगम आयुक्त झारिया ने कॉलोनी के समिति प्रभारियों से चर्चा की।

शहर के बचे हुए क्षेत्रों में सीवर लाईन का कार्य तत्काल प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में दिये साथ ही आमजन को कम से कम असुविधा हो सके लिये पर्याप्त बेरिकेटिंग करने, वैकल्पिक मार्ग का चिन्हांकन करने तथा नियत समय-सीमा में रिस्टोरेषन का कार्य करने को कहा। कार्य स्थल पर कार्य पूर्णता की संभावित दिनांक का बैनर लगाने, बदल मार्ग आदि के सूचना पट्ट लगाये जाने के भी कहा गया।

पत्रिका / नईदुनिया / 05 / 26/02/2021

कांग्रेस ने ज्ञापन देकर की प्रकरण दर्ज करने की मांग

# नगर निगम ने उजाड़ा पक्षियों का आश्रय स्थल

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



रतलाम. स्वच्छता अभियान के नाम पर निगम ने अपने ही क्षेत्र में लगे हुए वर्षों पूर्व के कई पेड़ों को काट दिया है। 'बड़ी बात यह है कि इन पेड़ पर कई प्रजाती के पक्षियों का आसरा स्थल था जिसको निगम अधिकारियों ने निर्ममता पूर्वक कटाई करवाकर उजाड़ दिया। मामले में कांग्रेस ने संज्ञान लेकर पुलिस को पेड़ों की हत्या करने के आरोप में निगम अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया है।

नगर निगम उद्यान में विकास एवं सौंदर्यकरण के नाम पर कई हरे भरे पेड़ों की बलि दे दी गई। इसकी सूचना शहर कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष हिम्मत जैथवार को लगी तो वे नगर निगम पहुंचे और शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया को जानकारी दी। सूचना पर कटारिया एवं कांग्रेस कार्यकर्ता निगम पहुंचे और आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य इंजीनियर से चर्चा कर पेड़ों को ना काटने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष कटारिया ने बताया कि यह पेड़ वर्षों पुराने हैं और गर्मी के दिनों में कई लोगों को छांव देते हैं। ।(पत्रिका)

## पुलिस थाने पहुंचकर दिया ज्ञापन

कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दो बत्ती थाने पहुंचे और आवेदन देकर पेड़ों की हत्या करने वाले दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की। प्रदेश महिला कार्यवाहक अध्यक्ष यास्मिन शैरानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वसुद जैदी, एनएसयूआई अध्यक्ष निलेश शर्मा, आयुष सिंह राठौड़ , वरिष्ठ नेता अदिति दवे, जोएब आरिफ, अशरफ बेलिम, बबीता नागर आदि उपस्थित थे।

# पेड़ काटने वालों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग



स्टेशन रोड थाना पर आवेदन देते हुए कांग्रेसी। ● नईदुनिया

रतलाम। जहां एक ओर पर्यावरण सुधारने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा पौधारोपण को प्राथमिकता दी जा रही है, वहीं नगर निगम द्वारा उद्यान में विकास व सुंदरीकरण के नाम पर कई हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया है।

शहर कांग्रेस आइटी सेल के अध्यक्ष हिम्मत जैथवार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के साथ कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पहुंचकर आयुक्त और इंजीनियर से चर्चा कर पेड़ों को नहीं काटने की मांग की। कटारिया ने बताया कि ये पेड़ बरसों पुराने हैं और गर्मी के दिनों में कई लोगों को छांव देते हैं। प्रवासी पक्षी भी यहां आकर रुकते हैं, लेकिन नगर निगम द्वारा विकास के नाम पर इन पेड़ों की कटाई करवाई जा रही है। शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने दो बत्ती थाने पहुंचकर आवेदन दिया। इसमें हरे-भरे पेड़ों की कटाई करवाने वाले दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई। इस मौके पर प्रदेश महिला कार्यवाहक अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वसुत जैदी, एनएसयूआइ अध्यक्ष नीलेश शर्मा, आयुषसिंह राठौर, अदिति दवेसर, जोएब आरिफ, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशन सिंघाड़, अशरफ बेलिम, बबीता नागर आदि उपस्थित थे। नईदुनिया।

सिंहम टाइम्स /09/25/02/2021

# स्वच्छता में ही समझदारी, दूर रहेगी कई बीमारी

**- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन**

**सिंहम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

हर एक व्यक्ति एक सेहतमंद जिंदगी की तलाश करता है। कोरोना काल में इसकी समझ और बेहतर तरीके से हो गई है। एक स्वस्थ और तंदुरुस्त जिंदगी सबसे ज्यादा जरूरी है। वैसे भी हम में से कोई भी बीमार नहीं पड़ना चाहता है। कहते हैं कि इलाज करवाने से बेहतर है कि हम सही एहतियात बरतें ताकि बीमारी हमें छू भी न पाए। इसके लिए हमें समझदारी के साथ स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है।

उक्त विचार नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने सोमवार को हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरूकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर व्यक्त किए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण-




2021 के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ पूर्व पार्षद मुन्नालाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक सुश्री उषा लिम्बोदिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्कूल परिवार की नेहा चावरे,शायमा व अनिल पांचाल ने किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि एक सेहतमंद जिंदगी और निरोगी काया के लिए स्वच्छता का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। नगर निगम अपने स्तर से सफाई व्यवस्था में निरन्तर प्रयास किया है और इस प्रयास में सफलता भी निरन्तर मिल रही है। इन दिनों कोविड-19 के साथ ही अन्य बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। मलेरिया, डेंगू, टाईफाईड, बुखार सहित अन्य बीमारियों के रोगी बढ़ने लगे है। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम का अमला सफाई व्यवस्था को लेकर सजग है विशेषकर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया खुद स्वच्छता के मामले को गंभीरता से ले रहे है। उन्ही के प्रयासों से रतलाम के कई कोनो और हिस्सों में तीस-तीस साल से जमा अस्थायी कचरा स्थलों को साफ करवाया है जहां दोबारा कचरा न डाला जाए इसके लिए रांगोली का निर्माण और दीपदान कराया जा रहा है। रांगोली और दीपदान नागरिकों के साथ ही इधर-उधर कचरा फेंकने वालों में भी सकारात्मक भाव भर रहे है।

## हीना ने बिखेरे स्वच्छता के रंग

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यहां विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता के दौरान किशोरी बालिकाओं व महिलाओं ने अपने हाथों पर मेंहदी रचा कर स्वच्छता का संदेश दिया। मेंहदी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए आलीना, रेहनुमा,साराखानरांगोली प्रतियोगिता के लिए चांदनी बी, रेशमा बी, शगुफ्ता हुसैन, निबंध प्रतियोगिता में राहीमीन, अलफेज और सुमाईला को बालपेन और प्रमाणपत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित किया।

राजएक्सप्रेस / 17 / 26/02/2021

बैठक आयोजित

राजस्व अधिकारी वसूली में तेजी लाएं, कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं, उत्तर झूठे नहीं हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, दंडित होंगे, विधानसभा में भी बुलवाएं जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## अधीनस्थ के भरोसे न रहें...

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भिजवाने से पूर्व उन्हें ठीक से पढ़ लिया जाए, अधीनस्थ के भरोसे नहीं रहे। आगामी 27 फरवरी तक अपर कलेक्टर को उत्तर भिजवा दिया जाए। वरिष्ठ कार्यालयों आयोगों के पत्रों के जवाब की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित उत्तर शीघ्र डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को भिजवाए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में संतुष्टिदायक निराकरण के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निराकरण में संतुष्टि का स्तर ठीक नहीं रहता है, पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं जवाब पढ़ें और पोर्टल पर फीड करवाएं। बताया गया कि राजस्व विभाग की एल 1 पर 166 शिकायतें निराकरण से लंबित है। एल 3 एल 4 पर 127 शिकायतें निराकृत किए जाना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से मेहनत करवाएं।

इन्दौर समाचार / २१ / २६/०२/२०२१

# जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न

रतलाम। कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में जावरा विधायक राजेंद्र पांडे वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि के रूप में श्री मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डा. पांडे द्वारा जिले में कोरोना प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कोरोना प्रकरणों में धीमी गति से वृद्धि हो रही है जिससे बचाव किया जाना आवश्यक है। विधायक डा. पांडे द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों जिनमें नगर निगम, नगर पालिकाएं, नगर परिषद सम्मिलित है वहां मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रुपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।



नगरीय क्षेत्रों में मास्क का उपयोग नहीं किए जाने पर 100 रुपए फाइन किया जाएगा

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले अथवा सार्वजनिक आयोजनों के लिए एसडीएम, तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौका अनुसार एसडीएम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। कोरोना से बचाव के लिए लोगों को रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक अतिआवश्यक कार्य हो तभी निकलने की अपील की गई है तथा मास्क, सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी एवं मास्क नहीं पहनने वालों से 100 रुपए अर्थदंड वसूली हेतु रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को अधिकृत किया जाएगा।

बस स्टैंड पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी तथा सभी बस आपरेटर ध्यान देंगे कि बस में बैठे सभी यात्रियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जा रहा है। वैवाहिक समारोह में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का उपयोग करेंगे। कैटरर्स तथा अन्य सर्विंग स्टाफ आदि को कोरोना टेस्ट किए जाने पश्चात ही कार्य पर लिया जाएगा। इस बात का विशेष ध्यान संबंधित ठेकेदार द्वारा रखा जाएगा। बैंकों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी शासकीय, गैरशासकीय कार्यालयों में मास्क का उपयोग अनिवार्य होगा।

इन्दौर समाचार / १० / २५/०२/२०२१

# स्वच्छता में ही समझदारी, दूर रहेगी कई बीमारी

## - स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में- स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**रतलाम।**

**हर एक व्यक्ति एक सेहतमंद जिंदगी की तलाश करता है। कोरोना काल में इसकी समझ और बेहतर तरीके से हो गई है। एक स्वस्थ और तंदुरुस्त जिंदगी सबसे ज्यादा जरूरी है। वैसे भी हम में से कोई भी बीमार नहीं पड़ना चाहता है। कहते हैं कि इलाज करवाने से बेहतर है कि हम सही एहतियात बरतें ताकि बीमारी हमें छू भी न पाए। इसके लिए हमें समझदारी के साथ स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है।**



उक्त विचार नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने सोमवार को हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरुकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर व्यक्त किए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ पूर्व पार्षद मुन्नालाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक सुश्री उषा लिम्बोदिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्कूल परिवार की नेहा चावरे,शायमा व अनिल पांचाल ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि एक सेहतमंद जिंदगी और निरोगी काया के लिए स्वच्छता का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। नगर निगम अपने स्तर से सफाई व्यवस्था में निरन्तर प्रयास किया है और इस प्रयास में सफलता भी निरन्तर मिल रही है। इन दिनों कोविड-19 के साथ ही अन्य बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। मलेरिया, डेंगू, टाईफाईड, बुखार सहित अन्य बीमारियों के रोगी बढ़ने लगे है। इनमें से अनेक रोगों का सीधा संबंध साफ सफाई से है। ऐसे में जरुरी है कि नागरिक अपने घर की सफाई के साथ ही आसपास की सफाई का भी ध्यान रखे और सतर्क रहे। वरिष्ठ पूर्व पार्षद श्री मुन्नालाल शर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत हमे रतलाम शहर को नम्बर-1 बनाने के प्रयास पुरजोर तरीके से करना चाहिए। अगर समय रहते हमने अपने इन प्रयासों को तेज कर दिया तो आने वाले समय में रतलाम का नाम देश में स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम का अमला सफाई व्यवस्था को लेकर सजग है विशेषकर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया खुद स्वच्छता के मामले को गंभीरता से ले रहे है। उन्ही के प्रयासों से रतलाम के कई कोनो और हिस्सों में तीस-तीस साल से जमा अस्थायी कचरा स्थलों को साफ करवाया है जहां दोबारा कचरा न डाला जाए इसके लिए रांगोली का निर्माण और दीपदान कराया जा रहा है। रांगोली और दीपदान नागरिकों के साथ ही इधर-उधर कचरा फेंकने वालों में भी सकारात्मक भाव भर रहे है। श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान महज नगर पालिक निगम का अभियान न बने बल्कि इसे स्वच्छता आंदोलन माना जाए जिसमें शहरवासियों के लाखों हाथ आहूति दे।

### हीना ने बिखेरे स्वच्छता के रंग

इन्दौर - २५

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत [illegible] का आयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता के दौरान किशोरी बालिकाओं व महिलाओं ने अपने हाथों पर मेंहदी रचा कर स्वच्छता का संदेश दिया। मेंहदी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अमीना, [illegible] प्रतियोगिता के लिए चांदनी बी, रेशम बी, शगुफ्ता हुसैन, विशेष प्रोत्साहन में राहेमीन, अलफिजा और सुमाईला को ब्लैंकेट और प्रमाणपत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इसी तरह [illegible] के लिए अनिता शर्मा, स्वलेहा खान, कामना व्यास, नसीम बानो, सविता जोशी, इकबाला, प्रमिला जैनी, सुनिता सोलंकी, सविता राठौर, नसीम बानो, शैला परमार, कामनाथ, ताहिरा बी, जितेन्द्र कुमार, [illegible] कोकिला सिसोदिया और नीता परमार को भी अतिथियों ने सम्मानित किया।

दैनिक भास्कर / 13 / 26/02/2021

# हाईकोर्ट का सरकार, चुनाव आयोग को आदेश नगर निगम और पंचायत चुनाव जल्द कराएं

**भास्कर न्यूज. इंदौर** | नगर निगम और पंचायत चुनाव समय पर कराए जाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर दो जनहित याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने सरकार और चुनाव आयोग को आदेश दिए कि जल्द से जल्द ये चुनाव कराए जाएं। इसी के साथ याचिका निराकृत कर दी गई। पिछले दिनों सरकार ने कोर्ट के समक्ष अपने जवाब में चुनाव कार्यक्रम पेश किया था। इसमें सरकार ने कहा था कि मतदाता सूची अपडेट की जा रही है। यह काम पूरा होते ही चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। जस्टिस सुजॉय पाल, जस्टिस शैलेंद्र शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष इस याचिका की सुनवाई हुई। एक याचिका निगम चुनाव तो दूसरी पंचायत चुनाव को लेकर दायर की गई थी। दोनों में उल्लेख था कि नगरीय निकाय संस्थाओं का कार्यकाल पूरा होने के बाद चुनाव समय पर कराए जाने का प्रावधान संविधान में दिया है। प्रशासक की नियुक्ति अधिकतम छह महीने के लिए हो सकती है।

भास्कर

पत्रिका / भास्कर / 01 / 26/02/2021

निगम आयुक्त का औचक निरीक्षण

## जब्त किए रजिस्टर, कबाड़ को व्यवस्थित करने के भी निर्देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर आने का संकल्प को पूरा करने के लिए नगर निगम ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 7 व 27 में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह भी साथ रहे, वार्डो के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक कर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी देकर रजिस्टर जब्त किये गए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रिय नालों में अर्धरात्री में गंदगी फेंकने वालो को चिन्हीत कर कार्यवाही करने व नालियों पर अतिक्रमण सफाई में बाधा पंहुचाने वाले लोगो पर कार्यवाही के साथ मौके पर ही प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्ती कार्यवाही करवाते हुए नागरिकों को समझाईश दी गई। निगम आयुक्त झारिया द्वारा स्वच्छता में असहयोग करने वाले नागरिक, दुकानदारों से पेनल्टी व स्पॉट फाईन की कार्यवाही से दण्डित करने को कहा। नगर निगम, छत्रीपुल क्षेत्र में सड़कों पर मजमा लगाकर सामान बेचने वालो को अन्यत्र भेजा जाकर चेतावनी दी। पत्रिका

### दोपहर में भी जांच

दोपहर निगम प्रांगण का दौरा कर अनुपयोगी वाहनों पर चर्चा की, साथ बंद पडी फायर गाड़ी को जुगाड से चालू करने की सहमति दी गई। निगम प्रांगण में पड़े कबाड़ को व्यवस्थित करने के साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये, निगम का नव निर्मित संपतिकर काउन्टर जिसमें आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिये। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## निगम के दफ्तरों के सामने ही पसरी गंदगी, इन पर फाइन नहीं

### कलेक्टर के आदेश पर व्यापारी नाराज

भास्कर संवाददाता | रतलाम



नगर निगम के पांजरा पोल के गेट पर ही फैली गंदगी।

स्वच्छता सर्वे में शहर को नंबर वन बनाने के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने निगम के अफसरों को निर्देश दिए हैं कि जिन दुकानों के सामने कचरा मिले उन्हें सील कर दें।

मंगलवार को जब पड़ताल की गई तो सफाई नहीं होने से निगम के पांजरा पोल के सामने ही कचरा फैला मिला। वहीं कई जगह निगम के कर्मचारियों ने नालियों की सफाई की और कचरा एक जगह इकट्ठा किया। इसके बाद इसे उठाना ही भूल गए। इससे यह फिर नालियों में पहुंच रहा है। चूंकि मामला निगम का है। इससे इन पर जुर्माना कौन करे। कलेक्टर के आदेश का व्यापारियों ने स्वागत के साथ विरोध जताया है। व्यापारियों का कहना है कि शहर की स्वच्छता के लिए यह आदेश जारी हुआ है। हम इस आदेश का स्वागत करते हैं लेकिन यह नियम सब पर एक समान रूप से लागू होना चाहिए और जो गंदगी फैलाए उस पर कार्रवाई हो।

**यहां फैली है गंदगी :** पांजरा पोल, निगम के आंबेडकर जोन के पीछे, डकाला रोड स्थित निगम के पुराने नाके के पास, घटला रोड स्थित निगम के पुराने नाके पास, पेपर मिल के बाहर।

**फसरों पर जुर्माना हो :** कोठारीवास के व्यापारी अनिल सोलंकी ने बताया जो कर्मचारी सफाई के बाद कचरा छोड़ गए है। उन पर भी जुर्माना होना चाहिए। भास्कर

## निगम आयुक्त द्वारा वार्डो व निगम कार्यालय परिसर का निरीक्षण

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 7 व 27 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह भी साथ रहे, वार्डो के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक कर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी देकर रजिस्टर जब्त किये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रिय नालो में अर्धरात्री में गंदगी फेकने वालो को चिन्हीत कर कार्यवाही करने व नालियों पर अतिक्रमण सफाई में बाधा पंहुचाने वाले लोगो पर कार्यवाही के साथ मौके पर ही प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्ती कार्यवाही करवाते हुए नागरिकों को समझाईश दी गई। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा शहर में किसी भी प्रकार से स्वच्छता में असहयोग करने वाले नागरिक, दुकानदारों से पेनल्टी व स्पॉट फाईन की कार्यवाही से दण्डित करने को कहा। नगर निगम, छत्रीपुल क्षेत्र में सड़को पर मजमा लगाकर सामान बेचने वालो को अन्यत्र भेजा जाकर चेतावनी दी। इसी प्रकार दोपहर निगम प्रांगण का दौरा कर अनुपयोगी वाहनों पर चर्चा की इसी के साथ बंद पडी फायर गाड़ी को जुगाड से चालू करने की सहमति दी गई। निगम प्रांगण में पड़े कबाड़ को व्यवस्थित करने के साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये, निगम का नव निर्मित संपतिकर काउन्टर जिसमें आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह आदि उपस्थित रहे। इन्दौर-25

दै. भास्कर/04/26/02/2021

# यह गलत है: नगर निगम ने भवन को सुंदर दिखाने के चक्कर में खुद ही काट दिए पेड़, उजाड़े पक्षियों के बसेरे




**रतलाम** | नगर निगम परिसर में शुक्रवार को हरियाली का सफाया कर दिया गया। भवन को सुंदर दिखाने के लिए सुबह पेड़ों की छटाई व कटाई कर दी। पेड़ कटने के बाद भवन तो दिखने लग गया, लेकिन वहां रहने वाले सैकड़ों चमगादड़ों के साथ ही प्रवासी पक्षियों का आशियाना भी उजड़ गया है। यहां गुलमोहर और अशोक के पेड़ लगे थे। कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मीन शेरानी, आयुषसिंह राठौर सहित अन्य भी नगर निगम पहुंचे। सभी ने पेड़ों की कटाई का विरोध किया। उन्होंने अधिकारियों को फ़ोन लगाए, लेकिन किसी ने सही जवाब नहीं दिया।




**एक नज़र** : नगर निगम ने 25 साल पुराने पेड़ों को नहीं बख्शा, 50 फीट एरिये में की कटाई

- 25 साल से ज्यादा पुराने थे पेड़
- 20 से ज्यादा पेड़ों की छंटाई की गई है
- 10 से ज्यादा पेड़ को तने के पास से काटा गया
- 50 फीट के एरिये में कटाई हुई
- 500 से ज्यादा चमगादड़ इन पेड़ों पर रहते थे
- 50 से ज्यादा अप्रवासी पक्षी

भास्कर

### नगरीय क्षेत्रों में मास्क का उपयोग नहीं किए जाने पर 100 रुपए फाइन किया जाएगा

# जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न

**रतलाम।** कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में जावरा विधायक श्री राजेंद्र पांडे वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर श्री चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि के रूप में श्री मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डा. पांडे द्वारा जिले में कोरोना प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कोरोना प्रकरणों में धीमी गति से वृद्धि हो रही है जिससे बचाव किया जाना आवश्यक है। विधायक डा. पांडे द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों जिनमें नगर निगम, नगर पालिकाएं, नगर परिषद सम्मिलित है वहां मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रुपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले अथवा सार्वजनिक आयोजनों के लिए एसडीएम, तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौका अनुसार एसडीएम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। कोरोना से बचाव के लिए लोगों को रात्रि 11:00 से सुबह 5:00 बजे तक अतिआवश्यक कार्य हो तभी निकलने की अपील की गई है तथा मास्क, सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी एवं मास्क नहीं पहनने वालों से 100 रुपए अर्थदंड वसूली हेतु रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को अधिकृत किया जाएगा।

बस स्टैंड पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी तथा सभी बस आपरेटर ध्यान देंगे कि बस में बैठे सभी यात्रियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जा रहा है। वैवाहिक समारोह में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का उपयोग करेंगे। केटर्स तथा अन्य सर्विस स्टाफ आदि को कोरोना टेस्ट किए जाने पश्चात ही कार्य पर लिया जाएगा।

[illegible] 25

**बैठक** राजस्व अधिकारियों को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने दिए सुधार के निर्देश

# शिकायत मिलती है कि नायब तहसीलदार सुनवाई नहीं करते

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, संबल जैसी जनहितैषी योजनाओं में हितग्राहियों को समय सीमा में राहत एवं लाभ राशि वितरित की जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए।

बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरण निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि 15 दिन बाद दोबारा समीक्षा की जाएगी। नायब तहसीलदार सुनिश्चित करें कि उनके यहां से शिकायत नहीं आए। उनके बारे में आमजन से शिकायत आती है कि वह ठीक से काम नहीं करते और सुनवाई नहीं करते हैं। बैठक में बताया गया कि जावरा में नामांतरण के 324, सीमांकन के 70, पिपलौदा में नामांतरण के 393, सीमांकन के 160, सैलाना में नामांतरण के 396, सीमांकन के 57, बाजना में नामांतरण के 67, रतलाम शहर में नामांतरण के 309, सीमांकन के 415, रतलाम ग्रामीण में नामांतरण के 104, सीमांकन के 408, ताल में नामांतरण के 201 प्रकरण लंबित हैं।



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। ● नईदुनिया

**गलत जवाब दिया तो विधानसभा में बुलवाया जाएगा :** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं। उत्तर झूठे नहीं हो अन्यथा दंडित होंगे, विधानसभा में भी बुलवाया जाएगा। प्रश्नों के उत्तर भिजवाने से पूर्व उन्हें ठीक से पढ़ लिया जाए, अधीनस्थ के भरोसे नहीं रहें। 27 फरवरी तक अपर कलेक्टर को उत्तर भिजवा दिया जाए। यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं।

**पटवारी, आपरेटर पर निर्भर नहीं रहें** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निराकरण में संतुष्टि का स्तर ठीक नहीं रहता है, पटवारी आपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं जवाब पढ़ें और पोर्टल पर फीड करवाएं। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से मेहनत करवाएं। तहसीलदार शहर अनिता चकोटिया ने बताया कि उन्होंने गत दिवस पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों की लंबी बैठक लेकर बड़ी संख्या में आवेदनों का निराकरण कर दिया है। मंगलवार को समस्त पटवारी रतलाम शहर तहसील कार्यालय पर जनसुनवाई दिवस में उपस्थित रहेंगे।

### जावरा तहसीलदार को समझाएं वसूली के नियम

कलेक्टर ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। रतलाम शहर में छह करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध एक करोड़ 93 लाख वसूली की गई है। तहसीलदार ने बताया कि 8-10 बड़े खातेदार चिन्हित किए गए हैं। उनसे अभी और दो-तीन करोड़ रुपये की वसूली की जा सकेगी। राजीव गांधी सिविक सेंटर के प्रकरण में 3 करोड़ 31 लाख का व रतलाम विकास प्राधिकरण की कालोनियों से 1 करोड़ से ऊपर की वसूली होगी। रतलाम ग्रामीण में 29 लाख रुपये वसूल किए गए हैं। 11 लाख रुपये के चैक भी प्राप्त हुए हैं। जावरा तहसीलदार द्वारा बताए गए लक्ष्य एवं वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि तहसीलदार को नियोजित ढंग से वसूली के बारे में नियमों की जानकारी दें। पिपलौदा में 50 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 11 लाख की वसूली की गई है।

दबंग दुनिया / 08 / 25/02/2021

जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न, संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए निर्णय

# मास्क नहीं लगाने पर लगेगा सौ रुपए जुर्माना

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में जावरा विधायक राजेंद्र पांडे वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि के रूप में मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डॉ. पांडे द्वारा जिले में कोरोना प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कोरोना प्रकरणों में धीमी गति से वृद्धि हो रही है जिससे बचाव किया जाना आवश्यक है। विधायक डा. पांडे द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों जिनमें नगर निगम, नगर पालिकाएं, नगर परिषद सम्मिलित है वहां मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रूपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।

## वैवाहिक कार्यक्रम में मास्क अनिवार्य



बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले अथवा सार्वजनिक आयोजनों के लिए एसडीएम, तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौका अनुसार एसडीएम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। कोरोना से बचाव के लिए लोगों को रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक अतिआवश्यक कार्य हो तभी निकलने की अपील की गई है तथा मास्क, सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी एवं मास्क नहीं पहनने वालों से 100 रूपए अर्थदंड वसूली हेतु रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को अधिकृत किया जाएगा।

बस स्टैंड पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी तथा सभी बस आपरेटर ध्यान देंगे कि बस में बैठे सभी यात्रियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जा रहा है। वैवाहिक समारोह में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का उपयोग करेंगे। कैटरर्स तथा अन्य सरविंग स्टाफ आदि को कोरोना टेस्ट किए जाने पश्चात ही कार्य पर लिया जाएगा। इस बात का विशेष ध्यान संबंधित ठेकेदार द्वारा रखा जाएगा। बैंकों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी शासकीय, गैरशासकीय कार्यालयों में मास्क का उपयोग अनिवार्य होगा।

## कोरोना संक्रमण से बचाव की गाइड लाइन का पालन करने की कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना से बचाव की गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी कुछ समय में कोरोना संक्रमण से प्रभावित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये जरूरी है कि घर से बाहर निकले तो मास्क अवश्य लगाएं, सार्वजनिक, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें, चेहरे से मास्क नहीं हटाएं। विशेषकर बात करते समय मास्क लगाए रखें, सार्वजनिक जगहों पर दो गज की दूरी बनाकर रखें, सर्दी, खांसी, बुखार आने पर कोरोना की जाँच तुरंत कराएं एवं अन्य लोगों से दूरी बनाकर रखें। कलेक्टर श्री डाड ने कहा है कि कोरोना का संक्रमण जिले में नहीं फैले। संक्रमण से बचाव के कुछ बहुत ही आसान और सरल उपाय हैं लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि मास्क लगाकर रखें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, अनावश्यक चीजों को ना छूएं, भीड़-भाड़ वाली जगह पर ना जाएं और लोगों से दो गज की दूरी बनाकर रखें।


नईदुनिया / 11 / 26/02/2021

# 30 कालोनियों में 50 से 80 प्रतिशत तक बढ़ेगी गाइडलाइन

## प्रापर्टी : जिला स्तरीय समिति की बैठक में वर्ष 2021-22 के लिए जिले में 21.79 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** संपत्ति पंजीयन गाइड लाइन के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर गोपालचंद्र डाड की अध्यक्षता में गुरुवार शाम 5:30 बजे हुई। पंजीयन विभाग द्वारा जिले की वर्तमान पंजीयन दरों में 21.79 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। इस पर एक सप्ताह में आम नागरिकों के सुझाव प्राप्त कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिला पंजीयक प्रभात वाजपेयी, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी दीपेश गुप्ता, सहायक प्रबंधक उद्योग महेंद्र नागराज, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत महेश चौबे तथा जिले के समस्त उपपंजीयक उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में 21.9 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 21.68 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव है। जिले की कुल 56 शहरी तथा 46 ग्रामीण क्षेत्र की नवीन लोकेशन जोड़ना प्रस्तावित है। जिन कालोनियों में वर्तमान वर्ष भी गाइड लाइन की दरों से दो से तीन गुना में रजिस्ट्री हुई है, उन कालोनियों में 50 प्रतिशत तक की औसत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। रतलाम शहर, ताल, जावरा शहर की कुल 317 लोकेशन जो कि एकदम सघन आबादी वाले क्षेत्रों में कृषि भूमि नहीं होने से वहां से कृषि भूमि की दर हटा दी गई है।



रतलाम के पटरी पार क्षेत्र का ड्रोन कैमरे से लिया गया विहंगम दृश्य। • फाइल फोटो

### रतलाम शहर में 46 कालोनियों की प्रस्तावित दर

| कालोनियों की संख्या | प्रस्तावित वृद्धि (प्रतिशत में) |
|---|---|
| 11 | 35 |
| 05 | 40 |
| 10 | 50 |
| 10 | 60 |
| 05 | 70 |
| 05 | 80 |

### एक्सप्रेस वे से लगे 26 गांव भी होंगे प्रभावित

गाइडलाइन के प्रस्ताव में 8 लेन एक्सप्रेस वे से लगे 26 गांवों में 20 से 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव है। इसी तरह अन्य हाइवे से लगे गांवों में 10 प्रतिशत वृद्धि होगी। जावरा के बामनखेड़ी गांव को विशेष गांव के रूप में लिया जाना प्रस्तावित है।

**इन क्षेत्रों में सर्वाधिक वृद्धि के प्रस्ताव**

सैलाना रोड स्थित राजबाग, लालबाग, अष्टविनायक कालोनी, अंजनी धाम, गंगासागर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, त्रिवेणी रोड स्थित शिवाय कालोनी, ऊंकाला रोड पर नवकार रेसीडेंसी, एसपी आफिस के सामने सिल्वर इन, जावरा रोड स्थित लेनार्ड सिटी, रत्नेश्वर रोड स्थित रुद्राक्ष रेसीडेंसी आदि कालोनियों में अभी 400 से 600 रुपये वर्गफीट की दर है जबकि यहां इससे ज्यादा में दस्तावेजों का पंजीयन हो रहा है।

### पंजीयन दर में वृद्धि की यह वजह

- 2015-16 के बाद से दरों में वृद्धि नहीं की गई।
- 2020-21 में कोरोना के चलते 20 प्रतिशत दर और कम कर दी गई।
- चालू वर्ष में 1850 से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन वर्तमान गाइडलाइन से अधिक पर हुआ।
- कई कालोनियों में वर्तमान गाइडलाइन से पांच से छह गुना पर हो रहे सौदे।
- महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा प्राप्त रिपोर्ट।
- एक्सप्रेस वे निर्माण के चलते व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ना।
- मुख्य मार्ग से छह मीटर तक व इसके बाद की दर कम होने के प्रावधान को भी समाप्त किया जाएगा।

"वर्ष 2021-22 की गाइडलाइन के प्रस्तावित दरों को लेकर जनसामान्य 4 मार्च तक अपने सुझाव, प्रस्ताव संबंधित उपपंजीयक कार्यालय में दे सकते है। इसके बाद अंतिम निर्णय होगा। दरों में वृद्धि के लिए पूर्व में हुए पंजीयन व अन्य परिस्थितियों का आंकलन कर प्रस्ताव दिए गए है। **- प्रभात कुमार वाजपेयी, जिला पंजीयक रतलाम**

### जिले में इस तरह बढ़ेगी दरें (प्रतिशत में)

| | |
|---|---|
| रतलाम शहर | 20.14 |
| रतलाम ग्रामीण | 20.12 |
| जावरा शहर | 22 |
| जावरा ग्रामीण | 21.22 |
| आलोट शहर | 24 |
| आलोट ग्रामीण | 23.06 |
| सैलाना शहर | 17.56 |
| सैलाना ग्रामीण | 15.16 |

नईदुनिया

दोज/१४/२५/०२/२०२१

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 8 मार्च को

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 8 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षकों से संवाद करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विगत 8 फरवरी को आयोजित कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे।

इसके साथ ही आंगनवाडी में पोषण आहार एवं पूरक पोषण आहार के वितरण की समीक्षा, कुपोषण से मुक्ति के लिए अपनाई गयी रणनीति के क्रियान्वयन की समीक्षा, माफिया के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। दोज-२५

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग 8 मार्च को

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 8 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षकों से संवाद करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विगत 8 फरवरी को आयोजित कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे।

इसके साथ ही आंगनवाडी में पोषण आहार एवं पूरक पोषण आहार के वितरण की समीक्षा, कुपोषण से मुक्ति के लिए अपनाई गयी रणनीति के क्रियान्वयन की समीक्षा, माफिया के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। फ्रंट लाईन वर्कर्स को कोविड टीकाकरण कार्यक्रम पर चर्चा एवं गेहूँ उपार्जन की समीक्षा होगी। मैदानी अमले की फील्ड में उपस्थिति के संबंध में प्रस्तावित योजना पर चर्चा, शासकीय भूमियों पर होने वाले अतिक्रमण की पहचान के संबंध में प्रस्तुतिकरण एवं सीएम हेल्पलाईन को विश्लेषणात्मक टूल के रूप में उपयोग करने के विषय में प्रस्तुतिकरण सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा

सिंघम टाईम्स / 07 / 25/02/2021

# नगरीय क्षेत्रों में मास्क का उपयोग नहीं किए जाने पर 100 रुपए फाइन किया जाएगा



जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में जावरा विधायक राजेंद्र पांडे वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि के रूप में श्री मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डा. पांडे द्वारा जिले में कोरोना प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कोरोना प्रकरणों में धीमी गति से वृद्धि हो रही है जिससे बचाव किया जाना आवश्यक है। विधायक डा. पांडे द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों जिनमें नगर निगम, नगर पालिकाएं, नगर परिषद सम्मिलित है वहां मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रुपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले अथवा सार्वजनिक आयोजनों के लिए एसडीएम, तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौका अनुसार एसडीएम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। कोरोना से बचाव के लिए लोगों को रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक अतिआवश्यक कार्य हो तभी निकलने की अपील की गई है। सिंघम - 25

स्वदेश / 18 / 26/02/2021

### अधिकारियों के साथ हुई राजस्व वसूली समीक्षा बैठक

# 6 करोड़ के लक्ष्य विरुद्ध केवल 1 करोड़ 93 लाख की ही वसूली हुई

## कलेक्टर ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम शहर में 6 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 1 करोड़ 93 लाख वसूली की गई है। तहसीलदार के अनुसार 8-10 बड़े खातेदार चिन्हित किए गए हैं उनसे अभी और 2-3 करोड़ रुपए वसूली की जा सकेगी। राजीव गांधी सिविक सेंटर के प्रकरण में 3 करोड़ 31 लाख रुपए की वसूली है। रतलाम विकास प्राधिकरण की कॉलोनियों से 1 करोड़ से ऊपर की वसूली होगी।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान कलेक्टर गोपालचंद डाड को राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी संबंधित अधिकारियों द्वारा दी गई। बैठक में बताया कि रतलाम ग्रामीण में 29 लाख रुपए वसूल किए गए हैं। 11 लाख रुपए के चेक भी प्राप्त हुए हैं। जावरा तहसीलदार द्वारा बताए गए लक्ष्य एवं वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि तहसीलदार को नियोजित ढंग से वसूली के बारे में नियमों की जानकारी देवें। पिपलौदा में 50 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 11 लाख की वसूली की गई है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे** -मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के मामले में कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश राजस्व अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निराकरण में संतुष्टि का स्तर ठीक नहीं रहता है, पटवारी ऑपरेटर आदि पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं जवाब पढ़ें और पोर्टल पर फीड करवाएं। बताया गया कि राजस्व विभाग की एल-1 पर 166 शिकायतें निराकरण से लंबित है। एल-3 एल -4 पर 127 शिकायतें निराकृत किए जाना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से मेहनत करवाएं।



### 2018 के आवेदनों का निराकरण अभी तक नहीं हुआ

जनसुनवाई में निराकृत आवेदनों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 2018 से पूर्व के आवेदनों का निराकरण भी किया जाना है। तहसीलदार शहर श्रीमती अनीता चौकोटिया ने बताया कि उनके द्वारा विगत दिवस पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों की लंबी बैठक लेकर बड़ी संख्या में आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। साथ ही मंगलवार को समस्त पटवारी रतलाम शहर तहसील कार्यालय पर जनसुनवाई दिवस में उपस्थित रहेंगे।

### दोबारा समीक्षा होगी

नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरण निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 15 दिन में दोबारा समीक्षा की जाएगी। नायब तहसीलदार सुनिश्चित करें कि उनके यहां से शिकायत नहीं आए। प्रायः उनके बारे में आमजन से शिकायत आती है कि वह ठीक से काम नहीं करते हैं और सुनवाई नहीं करते हैं।

### नामांतरण के प्रकरण लंबित है

बैठक में बताया गया कि जावरा में नामांतरण के 324, सीमांकन के 70, पिपलौदा में नामांतरण के 393, सीमांकन के 160, सैलाना में नामांतरण के 396, सीमांकन के 57, बाजना में नामांतरण के 67, रतलाम शहर में नामांतरण के 309, सीमांकन के 415, रतलाम ग्रामीण में नामांतरण के 104, सीमांकन के 408, ताल में नामांतरण के 201 प्रकरण निपटाए से लंबित है।

### विस प्रश्नों के उत्तर झूठे न हो

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में पहुंचाएं, उत्तर झूठे नहीं हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, दंडित होंगे तथा विधानसभा में भी बुलवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भिजवाने से पूर्व उन्हें ठीक से पढ़ लिया जाए, अधीनस्थ के भरोसे नहीं रहे। आगामी 27 फरवरी तक अपर कलेक्टर को उत्तर भिजवा दिया जाए। वरिष्ठ कार्यालयों आयोगों के पत्रों के जवाब की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित उत्तर शीघ्र डिप्टी कलेक्टर सुश्री सिराली जैन को भिजवाए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि पटवारी की शिकायत है तो उसी से जांच नहीं करवाई जाए, कम से कम राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच करवाएं।


स्वदेश

नईदुनिया/15/26/02/2021

# 1124 को लगी दूसरी डोज चार नए पाजिटिव मिले

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में गुरुवार को 17 केंद्रों पर कोरोना का टीका लगाया गया, जिसमें 1124 स्वस्थ्य कर्मियों को दूसरी व 63 फ्रंटलाईन वर्कर्स को पहली डोज दी गई। इस प्रकार 1187 को टीका लगाया गया। वहीं 201 सैंपल की जांच रिपोर्ट में चार नए पाजिटिव मिले। तीन को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया।

जिले में संक्रमितों की कुल संख्या 4428 पहुंच और स्वस्थ होने वालों की संख्या 4292 हो गई है। 82 की मौत हुई। फरवरी के 25 दिन में 88 नए मरीज मिले, 100 स्वस्थ हुए और दो की मौत हुई। एक्टिव मरीजों की संख्या 54 है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि कोविड-19 का टीका पूरी तरह सुरक्षित एवं कारगर है। अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है, इसलिए नियमित मास्क लगाएं, हाथों को बार-बार नियमित रूप से साबुन से धोएं, दो गज शारीरिक दूरी का पालन करें। अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। प्रथम टीका लगाने के बाद 28 दिन पूरे होने पर नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर दूसरा टीका लगवाएं। मालूम हो कि जिले में अब तक 81661 सैंपल की जांच की गई है, जिसमें 44487 निगेटिव और 4428 पाजिटिव मिले हैं। फरवरी में नए मरीजों की संख्या लगातार कम होने से राहत है।


कोविड टीकाकरण

- स्वस्थ होने के बाद जिले में तीन लोगों को घर भेजा गया
- फरवरी में नए मरीजों की संख्या लगातार कम होने से राहत

# विकास के नाम पर हरे वृक्षों की कटाई किए जाने पर कांग्रेस ने विरोध जताया



**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
जहां एक ओर शासन और नागरिक पर्यावरण सुधारने के लिए पौधारोपण को प्राथमिकता दे रहे हैं, वहीं नगर निगम द्वारा निगम उद्यान में विकास एवं सौंदर्यकरण के नाम पर कई हरे भरे पेड़ों की बलि दी जा रही है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने बताया कि यहां पेड़ वर्षों पुराने हैं और गर्मी के दिनों में कई लोगों को छांव देते हैं और प्रवासी पक्षी भी यहां आकर रुकते हैं, लेकिन नगर निगम द्वारा विकास के नाम पर इन पेड़ों की बलि दे रही है, अगर किसी की हत्या कर शहर में विकास होता है तो ऐसा विकास हमें नहीं चाहिए। शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दो बत्ती थाने पहुंचे और आवेदन देकर हरे भरे पेड़ों की हत्या करने वाले दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश महिला कार्यवाहक अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वसुद जैदी, एनएसयूआई अध्यक्ष निलेश शर्मा, आयुष सिंह राठौड़, श्रीमती अदिति दवे सर, जोएब आरिफ, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशन सिंगाड़, अशरफ बैलिम, बबीता नागर उपस्थित थे। स्वदेश

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



रतलाम । हर एक व्यक्ति एक सेहतमंद जिंदगी की तलाश करता है। कोरोना काल में इसकी समझ और बेहतर तरीके से हो गई है। एक स्वस्थ और तंदुरुस्त जिंदगी सबसे ज्यादा जरूरी है। वैसे भी हम में से कोई भी बीमार नहीं पड़ना चाहता है। कहते हैं कि इलाज करवाने से बेहतर है कि हम सही एहतियात बरतें ताकि बीमारी हमें छू भी न पाए। इसके लिए हमें समझदारी के साथ स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है।

उक्त विचार नगर निगम के सहायक आयुक्त श्री विकास सोलंकी ने सोमवार को हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरुकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर व्यक्त किए। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ पूर्व पार्षद श्री मुन्नालाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक सुश्री उषा लिम्बोदिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्कूल परिवार की नेहा चावरे,शायमा व अनिल पांचाल ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहां कि एक सेहतमंद जिंदगी और निरोगी काया के लिए स्वच्छता का ख्याल रखना बेहद जरूरी है।

नगर निगम अपने स्तर से सफाई व्यवस्था में निरन्तर प्रयास किया है और इस प्रयास में सफलता भी निरन्तर मिल रही है। इन दिनों कोविड-19 के साथ ही अन्य बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। मलेरिया, डेंगू, टाईफाईड, बुखार सहित अन्य बीमारियों के रोगी बढ़ने लगे है। इनमें से अनेक रोगों का सीधा संबंध साफ सफाई से है।

तेज / 03 / 25/02/2021

# 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित

रतलाम । शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व प50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत राजेन्द्र कुमार अग्रवाल धानमण्डी पर 1500, समरथ कस्तुरबा नगर, सुरेश स्टोर राम मंदिर पर 500-500, घांसीराम स्वीट्स धानमण्डी, अग्रवाल आईस्क्रीम, सांवरिया किराना राम मंदिर पर 250-250, छोटेलाल अशोक कुमार गांधी चांदनी चौक पर 200, जितेन्द्र, कालू मामा कचौरीवाला राम मोहल्ला, सौरभ पुरोहित कस्तुरबा नगर, गुरबेज सिंह, अजय प्रजापत राम मंदिर पर 100-100, जुझारसिंह चौमुखी पुल, गीता, राम माला, प्रकाश जवाहर नगर, गुट्टीबाई, रवि, पुश्पेन्द्र, लखखा भाई राम मंदिर पर 50-50 रूपये का जुर्माना कर भविश्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईष दी गई व लगभग 12 किलो पॉलीथीन जब्त की गई।



# नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल मुक्त करने हेतु बर्तन व झोला बैंक प्रारंभ

रतलाम। नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु नगर निगम द्वारा अहम कदम उठाते हुए बर्तन बैंक व झोला बैंक की स्थापना की जिसका उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया। रतलाम नगर को डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु मेरी सहेली महिला मंडल के द्वारा सिविक सेन्टर के आई ब्लॉक में बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है। बर्तन बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि घरों में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रम, जन्म दिवस आदि में उपयोग होने वाले डिस्पोजल पर रोक लगाना है नागरिक डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए बर्तन बैंक से बहुत ही कम दर पर थाली, कटोरी, चम्मच इत्यादी प्राप्त कर अपने कार्यक्रम पूर्ण कर सकते जिससे रतलाम नगर डिस्पोजल मुक्त होकर स्वच्छ व सुन्दर होगा। इसी तरह रतलाम नगर को पॉलीथीन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित तेजस्वनी कैफे पर झोला बैंक प्रारंभ किया गया है। नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करते हुए यहां से बहुत ही कम दर पर पुराने कपड़ो से निर्मित झोले (थैली) प्राप्त कर सकते है या अपनी आवश्यकतानुसार बनवा सकते है। झोला बैंक का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत तेजस्वी क्षेत्रिय महिला विकास मण्डल द्वारा किया जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 अंतर्गत लिया निर्णय

# पॉलीथीन-डिस्पोजल मुक्त करने बर्तन व झोला बैंक की शुरुआत

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर को पॉलीथीन व डिस्पोजल से मुक्त करने निगम द्वारा बर्तन बैंक व झोला बैंक की स्थापना की गई है। इसकी शुरुआत उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर को प्लास्टिक थैली मुक्त करने का संकल्प लिया गया है।

शहर को डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु मेरी सहेली महिला मंडल के द्वारा सिविक सेन्टर के आई ब्लॉक में बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि बर्तन बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि घरों में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रम, जन्म दिवस आदि में उपयोग होने वाले डिस्पोजल पर रोक लगाना है। नागरिक डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए बर्तन बैंक से बहुत ही कम दर पर थाली, कटोरी, चम्मच इत्यादी प्राप्त कर अपने कार्यक्रम पूर्ण कर सकते जिससे रतलाम नगर डिस्पोजल मुक्त होकर स्वच्छ व सुन्दर होगा।

## निगम में भी मिलेंगे

इसी तरह शहर को पॉलीथीन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित तेजस्वनी कैफे पर झोला बैंक प्रारंभ किया गया है। नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करते हुए यहां से बहुत ही कम दर पर पुराने कपड़ो से निर्मित झोले (थैली) प्राप्त कर सकते हैं या अपनी आवश्यकता अनुसार बनवा सकते हैं। झोला बैंक का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत तेजस्वी क्षेत्रिय महिला विकास मण्डल द्वारा किया जा रहा है। पत्रिका।

# नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल मुक्त करने हेतु बर्तन व झोला बैंक प्रारंभ



**रतलाम** । रतलाम नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु नगर निगम द्वारा अहम कदम उठाते हुए बर्तन बैंक व झोला बैंक की स्थापना की जिसका उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया। रतलाम नगर को डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु मेरी सहेली महिला मंडल के द्वारा सिविक सेन्टर के आई ब्लॉक में बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है। बर्तन बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि घरों में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रम, जन्म दिवस आदि में उपयोग होने वाले डिस्पोजल पर रोक लगाना है नागरिक डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए बर्तन बैंक से बहुत ही कम दर पर थाली, कटोरी , चम्मच इत्यादी प्राप्त कर अपने कार्यक्रम पूर्ण कर सकते ।